मुद्रा में उतार चढ़ाव अब सामान्य बात हुई : निर्मला

नई दिल्ली (भाषा)। वाणिज्य व उद्योग मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मुद्रा में उतार चढ़ाव अब सामान्य बात हो गई है और अब बुनियादी ढांचे व कच्चे माल की लागत जैसे अन्य क्षेत्रों पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है ताकि निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाया जा सके। मंत्री ने कहा कि मुद्रा का मूल्य केवल एक पहलू है और भारतीय निर्यातकों ने अपने निर्यात की योजना बनाते समय मुद्रा में उतार चढाव का ध्यान रखना सीख लिया है केवल मुद्रा से हीं आपको बेहतर प्रतिस्पर्धी क्षमता नहीं मिलती बल्कि हमारे निर्यातकों के लिए कई और पहलू भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जिनमें बुनियादी ढांचा, कच्चे माल की लागत, ऊर्जा आपूर्ति व राज्यों में प्रतिबंध शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे केवल मुद्रा में उतार चढ़ाव या रुपए में मजबूती पर ही इतना ज्यादा जोर नहीं देना चाहेंगी। हीरो माइंडमाइन समिट

- **कहा, विनिमय दर ही निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता का एक मात्र कारक नहीं बन सकता**

को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विनिमय दर ही निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता का एक मात्र कारक नहीं बन सकता और बीते कुछ साल में दुनिया भर में मुद्राओं में उतार चढाव भी नई सामान्य बात हो गई है।